केंद्रीय विद्यालय वर्धा में आयोजित हुआ परीक्षा पे चर्चा का कार्यक्रम।

वर्धा, 23 जनवरी 2025।

केंद्रीय विद्यालय वर्धा में गुरुवार को परीक्षा पे चर्चा के 8वें संस्करण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत पराक्रम दिवस का भी आयोजन किया गया। पराक्रम दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस व उनके अदम्य साहस को याद किया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला में वर्धा जिले के विभिन्न स्कूलों से आए हुए विद्यार्थियों को भारत हैं हम वेब सीरीज के एपिसोडस को दिखाया गया। इन एपिसोडस में भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व वीर सपूत रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई होल्कर, खुदीराम बोस, वीर सावरकर व मंगल पांडे के देशप्रेम व बलिदान को देखकर विद्यार्थियों में प्रेरणा का संचार हुआ। दिखाए गए एपिसोड्स भारत हैं हम से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया।  विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। विद्यालय की प्राचार्या संध्या निमजे ने विद्यार्थियों को परीक्षा को उत्सव के रूप में लेने के लिए प्रेरित किया। आए हुए सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।